आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- डेढ़ सौ से अधिक विश्व धरोहरों और पर्यटन स्थलों पर होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सत्र का आयोजन।
- तीसरा अंडमान पर्यटन रोड शो आज से शुरू।
- प्रशासन ने सभी विभागों को केन्द्रीय सूचना के अधिकार पोर्टल के साथ एकीकृत किया।
- भारतीय व्यंजन महोत्सव का आयोजन श्री विजयपुरम में अट्ठाईस जून से ।

<><><><><><><>

संस्कृति मंत्रालय कल ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में सौ पर्यटक– स्थलों और पचास से अधिक सांस्कृतिक महत्व के स्थानों पर योग सत्र आयोजित करेगा। मुख्य कार्यक्रम आयुष मंत्रालय द्वारा विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाग लेंगे। इस बीच, संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत राजस्थान के जोधपुर में ऐतिहासिक मेहरानगढ़ किले में योग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। योग दिवस समारोह यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों पर भी आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

ज़िला स्वास्थ्य सेवा की आयुष शाखा की ओर से चाथम जंक्शन, अबरडीन बाजार स्थित गांधी प्रतिमा, समाज कल्याण विभाग और भातुबस्ती जंक्शन पर ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के फ्लैश मॉब कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन जीवंत प्रदर्शनों ने दर्शकों, पैदल यात्रियों और स्थानीय निवासियों का ध्यान आकर्षित किया, जिससे संपूर्ण राजधानी का हर कोना ऊर्जा और जागरूकता के गतिशील केन्द्रों में बदल गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व योग प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों की समर्पित टीम ने किया। इस पहल का उद्देश्य एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग का संदेश हर नागरिक तक पहुंचाना था, जिसमें कार्यक्रम आयोजकों को सफलता मिली। यह कल होने वाले महाकार्यक्रम से पहले की एक झलक भर थी।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने पश्चिम बंगाल राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर द्वीपसमूह में रहने वाले पश्चिम बंगाल के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

उप–राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि यह राज्य गुरूदेव रविन्द्र नाथ टैगोर की विरासत और नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की अटूट राष्ट्र भावना का साक्षी रहा है। यह अवसर एक भारत–श्रेष्ठ भारत के आदर्शों का सर्वोत्तम उदाहरण है। पश्चिम बंगाल लम्बे समय से दूरदर्शी और अग्रदूतों की भूमि रही है, जिसने साहित्यिक, कला, विज्ञान और नेतृत्व के क्षेत्र में देश में अमिट छाप छोड़ी है।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेर्टस द्वारा तीसरा अंडमान पर्यटन रोड शो आज से चौबीस जून तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी होंगी, जबकि अंडमान निकोबार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. के. चन्द्रशेखर, इंडिया टूरिज़्म के सहायक निदेशक वेलमुरगन और एसोसिएशन ऑफ बुद्धिस्ट टूर ऑपरेटर के संस्थापक प्रधान सचिव कॉलैश कुमार सम्माननीय अतिथियों के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन आज शाम साढ़े छः बजे लम्बा लाईन स्थित होटल लेमन ट्री में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

पारदर्शिता को बढ़ावा देने और सूचना तक पहुंच को आसान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रशासन ने अपने सभी विभागों को केन्द्रीय सूचना के अधिकार पोर्टल के साथ एकीकृत कर दिया है। यह डिजिटल पहल नागरिकों को आर टी आई आवेदन, प्रथम अपील दाखिल करने और ऑनलाइन भुगतान करने की अनुमति देती है। यह कदम एकीकरण ई–गवर्नेंस को मजबूत करने के प्रयास का एक हिस्सा है। आर टी आई एक्ट 2005 इस डिजिटल युग में भी प्रभावी और नागरिक अनूकुल बना रहे, इसलिए सरकार ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नागरिक अब अपने आवेदन की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं और विभागों से जवाब प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक ने परियोजना वित्तपोषण के लिए कल अंतिम दिशा–निर्देश जारी कर दिए जिसमें बैंकों को पहले प्रस्तावित धन संबंधी प्रावधान आवश्यकताओं में कमी की गई है। नए मानदंड एक अक्टूबर, दो हजार पच्चीस से लागू होंगे। नए नियमों के तहत, बैंकों को अब निर्माण चरण के दौरान वाणिज्यिक रियल एस्टेट परियोजना ऋण के लिए एक दशमलव दो पांच प्रतिशत धनराशि अलग रखने का सामान्य

प्रावधान समाप्त करना होगा। वाणिज्यिक रियल एस्टेट – आवासीय परियोजनाओं के लिए एक प्रतिशत का प्रावधान किया गया है। नए नियम अक्टूबर दो हजार पच्चीस से प्रभावी होंगे।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग खाद्य सुरक्षा विभाग के सहयोग से श्री विजयपुरम स्थित आई टी एफ मैदान में दो दिवसीय भारतीय व्यंजन महोत्सव दो हजार पच्चीस अट्ठाईस और उनतीस जून को आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव शाम चार बजे से रात्रि दस बजे तक चलेगा। इसके लिए फुड स्टॉल और सामान्य स्टॉल के आवंटन के इच्छुक होटल व्यावसायियों, फर्मों और खान–पान से संबंध रखने वाले नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। आमंत्रित आवेदनों का चयन लॉटरी सिस्टम से किया जाएगा। दो दिनों के खाद्य स्टॉलों का किराया स्टॉल संख्या एक से बारह तक साढ़े चार हजार रूपये रहेगा, वहीं सामान्य स्टॉल के लिए साढ़े तीन हजार और कियॉस्क के लिए साढ़े चार सौ रूपये प्रति स्टॉल होगा। आवेदन के लिए नियमों और शर्तों सहित आवेदन पत्र सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के परिचालन अनुभाग में तेईस जून शाम तीन बजे तक जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय की विज्ञान शाखा तेईस जून से अट्ठाईस जून तक नशा विरोधी सप्ताह मनाने जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, युवाओं और समुदाय के बीच नशीली दवाओं के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और एक स्वस्थ जीवन शैली को विकसित करना है। इस अवसर पर मिडिल प्वाइंट स्थित राज्य पुस्तकालय में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन होंगे। इस सिलसिले में छब्बीस जून सुबह दस बजे सेल्यूलर जेल से राज्य पुस्तकालय तक रैली निकाली जाएगी।

<><><><><><><>

वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को सशक्त बनाने की दिशा में एकीकृत बाल विकास परियोजना, कार निकोबार ने लापाती गांव के बुजुर्ग निवासियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा देखभाल कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य घर और समुदाय के भीतर स्वास्थ्य संबंधी प्रबंधन में उनकी क्षमता का विकास करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व सी डी पी ओ सुनीता कुमारी ने किया। स्मॉल लापाती के ग्राम कप्तान जस्सी ने अपने संबोधन में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए आई सी डी एस, सी डी पी ओ और कार निकोबार प्रशासन की पहल सराहनीय है।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग दक्षिण अंडमान में खुरपका–मुंहपका रोग टीकाकरण अभियान चला रहा है। दो जून से शुरू हुए इस अभियान में अब तक गांव और डेयरी फार्मों के लगभग साढ़े पांच हजार मवेशियों का टीकाकरण किया जा चुका है। इस महीने के अंत तक नौ हजार मवेशियों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। मानसून की बारिश के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के टीमों के संयुक्त प्रयासों से कम से कम तीन सौ से चार सौ टीकाकरण किए जा रहे हैं, जिसमें पंचायती राज संस्थानों का सहयोग प्रशंसनीय है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

कल पूरे द्वीपसमूह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग प्रदर्शन के आयोजन की खबर को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। पर्यटन विभाग की ओर से भारतीय व्यंजन महोत्सव के आयोजन के समाचार को द्वीप समाचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। द इको ऑफ इंडिया ने भी इस खबर को पहले पन्ने में जगह दी है। लिलिपुर वार्ड नम्बर एक में श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष द्वारा पार्किंग स्थल का उद्घाटन किए जाने की खबर को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>